**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**भानिवार 07.12.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– होमगाड्र्स के जवान प्रदेश की सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।**
- **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देश भर में टीबी के मामलों से निपटने के लिए हरियाणा से 100 दिन के अभियान की शुरुआत की।**
- **सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैन्य परिवारों के कल्याण और उत्थान के लिए ''सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष'' में योगदान देने की अपील की।**
- **सरकार ने रैनबसेरों में पर्याप्त सुविधा जुटाने के साथ ही जरूरतमंद लोगों को रजाई और कंबल वितरित करने के निर्देश दिए।**
- **चमोली जिले के सैनिक बाहुल्य गांव सवाड़ में ''अमर शहीद सैनिक'' मेला शुरू।**

**होमगाड्र्स स्थापना दिवस**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि होमगाड्र्स के जवान प्रदेश की सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे आज देहरादून में होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि होमगाड्र्स के जवान कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ ही चारधाम यात्रा, कुंभ मेला, कांवड़ यात्रा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी विशेष भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विभागों की सेवाओं को अत्याधुनिक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें प्रभावी बनाने का निरंतर प्रयास कर रही है।

**टीबी उन्मूलन**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश भर में तपेदिक यानी टीबी के मामलों से निपटने के लिए आज हरियाणा से 100 दिन के अभियान की शुरुआत की। यह अभियान 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में चलाया जाएगा। इस बीच चंपावत, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर समेत राज्य के अन्य जिलों में भी यह अभियान चलाया गया। रुद्रप्रयाग जिले में विधायक भरत सिंह चौधरी ने निक्षय शिविर अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाई और जनसहभागिता के जरिए इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। चंपावत में टीबी मुक्त भारत अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेश चौहान ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में घर–घर जाकर संभावित टीबी रोगियों को खोजना है।

**सशस्त्र सेना झंडा दिवस**

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने कहा कि प्रदेश के लोगों का सेना में बहुत बड़ा योगदान होने के चलते यह दिवस उत्तराखण्ड के लिए महत्वपूर्ण है। आज राजभवन में ब्रिगेडियर अमृत लाल (सेवानिवृत्त) ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें फ्लैग लगाया। इस दौरान राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और उनके परिजनों की समस्याओं को दूर करने के लिए एक ठोस व्यवस्था बनाने पर जोर दिया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सभी से सैन्य परिवारों के कल्याण और उत्थान के लिए ''सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष'' में योगदान देने की अपील की। चंपावत जिले के सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल

उम्मेद सिंह ने बताया कि झंडा दिवस का उद्देश्य देश के लिए शहीद हुए सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए धन का संग्रह किया जाना है।

**सीएम निर्देश**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को रैनबसेरों में पर्याप्त सुविधा जुटाने के साथ ही जरूरतमंद लोगों को रजाई और कंबल वितरित करने के निर्देश दिए हैं। श्री धामी ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए अधिकारियों को तहसील स्तर पर ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरा में आवासहीन परिवारों को रखने के निर्देश दिए हैं।

**भाहीद सैनिक मेला**

चमोली जिले के सैनिक बाहुल्य गांव सवाड़ में शहीद सैनिकों की स्मृति और सम्मान में आयोजित ''अमर शहीद सैनिक'' मेले शुरू हो गया है। मेले का उद्घाटन करते हुए गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि सवाड़ में केंद्रीय विद्यालय के प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने सवाड़ गांव में सैनिक संग्रहालय के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। इससे पहले उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीरभूमि के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

**साइबर अपराधी**

उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स– एस.टी.एफ ने 45 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से गिरफ्तार किया है। ये जानकारी देते हुए एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने बताया कि आरोपी ने पुलिस अधिकारी बनकर डिजिटल गिरफ्तारी का झांसा देकर 45 लाख रुपये से अधिक की ठगी की थी। आरोपी के खिलाफ कई अन्य राज्यों में भी मुकदमे दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लोगों से साइबर ठगी से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी अधिकारी व्हाट्सएप या वीडियो कॉल के जरिए डिजिटल गिरफ्तारी की सूचना नहीं भेज सकता। श्री सिंह ने साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन–1930 या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने का आग्रह किया है।

**राष्ट्रीय खेल**

प्रदेश में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां जोरों पर हैं। खेल मंत्री रेखा आर्य ने देहरादून में खेल विश्वविद्यालय एक्ट समेत विभिन्न बिंदुओं पर विभागीय और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालय एक्ट पर राज्यपाल की आपत्तियों को जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। श्रीमती आर्य ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से बनाए जा रहे खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास प्रधानमंत्री करेंगे।

**वाटर स्पोर्ट**

टिहरी झील में 10 से 13 दिसंबर तक प्रस्तावित जल क्रीड़ा की तैयारियां जोरों पर हैं। टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट के निदेशक एल पी जोशी ने बताया कि इस खेल में देशभर से 600 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी कोच और खिलाड़ी कैंप अभ्यास में जुटे हुए हैं।

**संक्षिप्त समाचार :-**

राज्य आंदोलनकारी त्रिवेंद्र सिंह पवार की स्मृति में राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें कैबिनेट मंत्री, कांग्रेस नेता और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया।

हरिद्वार स्थित गायत्री विद्यापीठ शांतिकुंज की बैंड टीम ने लखनऊ में आयोजित जोनल स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में टीम के सदस्यों ने बैंड, ट्रंपेट, सेक्सोफोन आदि वाद्य यंत्रों के साथ राष्ट्रीय, गढ़वाली और भक्ति गीतों की धुनें प्रस्तुत की, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया।

हरिद्वार जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने वेयरहाउस में रखी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने हल्द्वानी नगर निगम के वार्ड संख्या 50, 51, 52 और 53 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।